**प्रेस नोट**

**दिनांक 25.08.2025**

## श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर और पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा थाना सुमेरपुर क्षेत्रान्तर्गत तीजा मेला स्थल एवं नागनाथन तालाब का निरीक्षण।

आज दिनांक 25.08.2025 को थाना सुमेरपुर क्षेत्रान्तर्गत आगामी तीजा मेले के दृष्टिगत श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा तीजा मेला स्थल एवं नागनाथन तालाब का गहन निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थल, सफाई व्यवस्था, पेयजल सुविधा, प्रकाश व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण संबंधी तैयारियों का जायजा लिया गया। इस अवसर पर मेला ड्यूटी में तैनात संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि मेले में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए जाने की भी आवश्यकता पर बल दिया गया। इसके तहत महिला पुलिसकर्मियों की विशेष तैनाती सुनिश्चित की जाए, साथ ही पैदल गश्त, बैरिकेडिंग एवं सीसीटीवी निगरानी की समुचित व्यवस्था की जाए। श्रीमान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदया ने कहा कि तीजा मेला जनपद की आस्था एवं संस्कृति से जुड़ा हुआ है, अतः इसे शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक , क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक सुमेरपुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।